RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 14 जनवरी 2023 | वर्ष 05 | अंक 263 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र में 8000 करोड़ का एंबुलेंस घोटाला ! मंत्री के रिश्तेदार की भरी जेब... कांग्रेस का बड़ा आरोप

**महाराष्ट्र में कांग्रेस ने बड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया है कि सरकारी एंबुलेंस के 4000 करोड़ के टेंडर को बढ़ाकर 8000 करोड़ कर दिया गया है। एकनाथ शिंदे सरकार ने सरकारी एम्बुलेंस से पैसा कमाने का उद्योग शुरू किया है। जो राज्य भर में गरीब और जरूरतमंद मरीजों का सहारा थी।**



महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार ने मंत्री के रिश्तेदार और करीबी ठेकेदार की जेब भरने के लिए टेंडर को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है। सरकारी खजाने को लूटने का सरकारी कार्यक्रम धड़ल्ले से चल रहा है। उन्होंने बताया कि इस टेंडर को रोकने के लिए मुख्यमंत्री से पत्र के माध्यम से शिकायत करेंगे। कांग्रेस नेता वडेट्टीवार ने कहा, राज्य में एंबुलेंस महाघोटाला सामने आया है। 8 हजार करोड़ का यह घोटाला है। सात दिन के शॉर्ट नोटिस पर टेंडर निकाली गई। 4000 करोड़ के काम को 8000 करोड़ का बताया जा रहा। इसमें मंत्रियों के रिश्तेदारों को काम मिला है। विजय वडेट्टीवार ने दावा किया कि सरकार ने खुद यह काम एक ऐसे ठेकेदार को देने की कोशिश की है जो सरकार में कुछ नेताओं का पक्षधर है। गरीब मरीजों के लिए बनी इस योजना के टेंडर में आठ हजार करोड़ के बड़े घोटाले की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। सरकार अधिकारियों पर दबाव बनाकर ऐसा काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, केंद्रीय सतर्कता आयोग के नियमों के अनुसार, ठेकेदारों को निविदाओं के लिए प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए और काम की गुणवत्ता समान होनी चाहिए। इसके लिए टेंडर की अवधि कम से कम 21 दिन होनी चाहिए।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करें अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा, उद्धव ठाकरे की मांग !

मुंबई : शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को मांग की कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करें, क्योंकि यह राष्ट्र के गौरव और देश के स्वाभिमान का मामला है। ठाकरे ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह मुर्मू को नासिक स्थित कालाराम मंदिर का दर्शन करने के लिये आमंत्रित करेंगे। अयोध्या में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन ठाकरे कालाराम मंदिर का दर्शन करेंगे।



ठाकरे ने पहले घोषणा की थी कि वह 22 जनवरी को अपनी पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों के साथ नासिक स्थित प्रतिष्ठित कालाराम मंदिर जाएंगे और गोदावरी नदी के तट पर महा आरती करेंगे। इसके एक दिन बाद यानी 23 जनवरी को नासिक में पदाधिकारियों के एक सम्मेलन का भी आयोजन होगा, जहां ठाकरे एक रैली को भी संबोधित करेंगे। ठाकरे ने कहा कि गुजरात में सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद आयोजित समारोह की अध्यक्षता देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने की थी। उन्होंने कहा, यह (अयोध्या राम मंदिर) राष्ट्र के गौरव और देश के स्वाभिमान का मामला है, इसलिये प्राण-प्रतिष्ठा राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा की जानी चाहिए। राममंदिर ट्रस्ट के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की और उन्हें अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया। इस प्रतिनिधिमंडल में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता रामलाल और राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा शामिल थे। ठाकरे ने कहा कि 1992 में कार सेवा का हिस्सा रहे शिवसैनिकों को भी नासिक में सम्मानित किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा कि वह (उद्धव) शिवसेना(यूबीटी) सांसद संजय राउत की पटकथा पढ़ रहे थे और उन्हें राष्ट्रपति मुर्मू को दिए गए निमंत्रण के बारे में विहिप के एक्स पर पोस्ट को पढ़ना चाहिए था। शेलार ने ठाकरे और उनके बेटे तथा महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे को लोकसभा चुनाव लड़ने और निर्वाचित होने की भी चुनौती दी।

## डोंबिवली के पास डाऊन टाऊन इमारत में लगी भीषण आग...

**मुंबई:** मुंबई से सटे डोंबिवली के पास खोनी पलावा की डाऊन टाऊन इमारत में भीषण आग लगी है। बताया जा रहा है कि सातवे मंजिल पर शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसकी वजह से आग लगी। इस इमारत में तीसरी मंजिल तक लोग रहते हैं। पुलिस के मुताबिक, समय रहते सभी रहिवासियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। जानकारी मिली है कि आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की मौके पर 5 गाड़ियां पहुंची हैं। ये आग दोपहर करीब 2 बजे लगी थी। डाऊन टाऊन इमारत में इतनी भीषण आग बिल्डिंग के मीटर बॉक्स से फैली। इसके बाद ये आग केबल और वायर के जरिए बाकी फ्लोर के गैलरी एरिया में तक फैल गई।

## मिलिंद देवड़ा ने शिंदे गुट में शामिल होने की अटकलों को किया खारिज... कहा- सब अफवाह है



**मुंबई :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मिलिंद देवड़ा ने शनिवार को उन अटकलों को अफवाह बताया कि वह पार्टी छोड़कर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होंगे। देवड़ा ने हालांकि संवाददाताओं से कहा कि वह अपने समर्थकों के साथ चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने हाल में मुंबई दक्षिण लोकसभा क्षेत्र पर शिवसेना (यूबीटी) द्वारा दावा पेश करने को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। यह पूछे जाने पर कि क्या वह अपने समर्थकों के साथ कोई योजना बना रहे हैं, मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट से पूर्व सांसद ने कहा, मैं अपने समर्थकों की बात सुन रहा हूं अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है।

उन्होंने मीडिया में आई उन खबरों पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि ये अफवाहें हैं कि वह एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने के लिए कांग्रेस छोड़ रहे हैं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले समूह ने आगामी आम चुनावों में मुंबई दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र से लड़ने का दावा किया था और इस सीट का प्रतिनिधित्व 2014 से पहले देवड़ा करते थे। देवड़ा ने कहा था कि चूंकि सीट बंटवारे पर औपचारिक बातचीत अभी पूरी नहीं हुई है, इसलिए किसी को भी दावे नहीं करने चाहिए। शिवसेना (यूबीटी) महा विकास आघाडी (एमवीए) में कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की गठबंधन सहयोगी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुरली देवड़ा के बेटे देवड़ा ने 2004 और 2009 में मुंबई दक्षिण सीट पर जीत दर्ज की थी।

## धारावी के लोगो ने पकड़ा 63 कोरेक्स की बोतले पैडलर फरार... पुलिस ने किया केस दर्ज



**मुंबई :** मुंबई के धारावी में शुक्रवार रात को लोगो ने अरबाज नामक व्यक्ति को पकडने की कोशिश की उसके पास 2 बैग मिले जिसमे 63 कोरेक्स की बोतले मिली जिसकी कीमत 34 हजार रुपये है दूसरे बैग में तलवार जैसे हत्यार मिले , धारावी नशा मुक्त अभियान के अध्यक्ष सय्यद आरिफ ने बेग धारावी पुलिस इंस्पेक्टर को सौपा पुलिस ने अरबाज के खिलाफ मामला दर्ज किया. अरबाज की तलाश जारी , धारावी नशा मुक्त अभियान के अध्यक्ष सय्यद का कहना है माहिम धारावी ड्रग्स हब बनचुका है युवा पीढी ड्रग्स की चपेट में है.




## संपादकीय / लेख



# राम मंदिर से दूर क्यों कांग्रेस

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण अस्वीकार कर कांग्रेस ने धर्म को निजी मामला माना है, लेकिन उसकी आरोपिया दलीलें भी हैं कि 'अधूरे मंदिर'का उद्घाटन शास्त्र सम्मत नहीं है। यह आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम है और उन्होंने 'राजनीतिक लाभ'के लिए ऐसा किया है। कांग्रेस ने शंकराचार्यों द्वारा भी आमंत्रण अस्वीकार करने की आड़ ली है, जो अर्द्धसत्य है। शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती की टीम प्राण-प्रतिष्ठा की प्रक्रिया का एक हिस्सा है। इसके अलावा, दो शंकराचार्यों ने अपनी स्वीकृति भेज दी है कि वे 22 जनवरी के पावन उत्सव में शामिल होंगे। शेष दो शंकराचार्यों के अपने कोई कारण होंगे, लेकिन उन्होंने प्रभु राम की प्राण-प्रतिष्ठा को खारिज नहीं किया है। कांग्रेस के शीर्षस्थ नेताओं के लिए राम मंदिर समारोह 'अधूरे मंदिर की सियासत'है, लेकिन उप्र कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के साथ जो 50 कांग्रेसी नेता मकर संक्रांति के अगले ही दिन अयोध्या की सरयू नदी में डुबकी लगाने और फिर 'राम लला'के दर्शन करने जा रहे हैं, उनके रामवाद और हिंदुत्व की परिभाषा क्या है? कांग्रेस के बड़े नेता कमलनाथ, अशोक गहलोत और गांधी परिवार के प्रिय आचार्य प्रमोद कृष्णम आदि की लंबी सूची है, जो चेतना से 'रामवादी'होने का दावा करते रहे हैं और प्रभु राम के दर्शन करने, अपनी सुविधा के अनुसार, अयोध्या धाम जाएंगे। कांग्रेस के भीतर यह विरोधाभास क्यों है? कांग्रेस ऐसे आध्यात्मिक और ऐतिहासिक समारोह का हिस्सा बने या राजनीतिक कारणों से बहिष्कार करे, यह उसकी सोच है।

उससे हमारा कोई सरोकार नहीं, लेकिन वह 'आत्मघाती'साबित हो सकता है। समारोह को संघ परिवार का ही आयोजन करार देना पूर्णतः उचित नहीं है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनना चाहिए, यह सर्वोच्च अदालत की पांच न्यायाधीशों की पीठ का निर्णय था। संविधान पीठ ने ही प्रधानमंत्री मोदी को निर्देश दिए थे कि वह मंदिर-निर्माण के लिए एक ट्रस्ट का गठन करें। वह निर्णय कैबिनेट में लिया गया। यदि अयोध्या समारोह में भाजपा-विहिप के नेता, कार्यकर्ता सक्रिय दिख रहे हैं, तो उसमें क्या गलत है? संघ परिवार ने राम मंदिर के लिए बेहद लंबा संघर्ष किया है, आंदोलन में कारसेवकों ने 'कुर्बानियां'दी हैं। यदि इतने व्यापक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और उनकी सरकारी टीम शामिल नहीं होगी, तो आम बंदोबस्त से लेकर सुरक्षा-व्यवस्था की जिम्मेदारी किसकी होगी? यदि इन दिनों में कोई अनहोनी हो गई, तो किसकी जवाबदेही तय की जाएगी? प्रशासन और इन व्यवस्थाओं के लिए भाजपा को लोकतांत्रिक जनादेश मिला है। बहरहाल कांग्रेस ने राम मंदिर का बहिष्कार किया है, तो यह उसकी पुरानी आदत है। श्रीराम तो सबके हैं और सभी 'राममय'हैं।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 'लेक लाडकी योजना' का शुभारंभ... राज्य की लड़कियों को 1 लाख 1 हजार रुपये मिलेंगे

**मुंबई:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक दिवसीय महाराष्ट्र दौरे में बड़ी योजनाओं की सौगात दी। पीएम मोदी ने राज्य में 30,500 करोड़ रुपये से अधिक लागत की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने नवी मुंबई में कार्यक्रम में 'लेक लाडकी योजना'का शुभारंभ किया और कुछ लाभार्थियों को योजना के तहत मिलने वाली पहली किस्त दी। इस योजना के तहत राज्य की लड़कियों को 1 लाख 1 हजार रुपये मिलेंगे।

महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार ने अक्टूबर में बेटियों को बड़ा तोहफा दिया था। राज्य कैबिनेट ने लड़कियों के सशक्तिकरण के लिए 'लेक लाडकी योजना'(छीं' छीं' ग्रीं) लागू करने का निर्णय लिया। लेक लाडकी योजना की घोषणा मार्च 2023 के बजट सत्र में की गई थी। इसके लिए 100 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है।



'लेक लाडकी योजना'के माध्यम से महाराष्ट्र में गरीब परिवारों की लड़कियों को सरकार की ओर से वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस योजना के तहत लड़कियों को 1 लाख 1 हजार की राशि दी जाएगी। लड़की के जन्म के बाद उसके 18 वर्ष की होने तक यह आर्थिक मदद विभिन्न चरणों में दी जाएगी।

इस योजना का उद्देश्य लड़कियों को सशक्त बनाना है। विशेष तौर पर लेक लाडकी योजना राज्य के पीले और नारंगी राशन कार्ड वाले परिवारों की लड़कियों के लिए है। इस योजना के तहत बेटी के जन्म के बाद 5000 रुपये दिए जाएंगे। उसके बाद चरणबद्ध तरीके से राज्य सरकार द्वारा पैसे सीधे खाते में भेजे जाएंगे।

लेक लाडकी योजना के तहत लड़की के जन्म के बाद महाराष्ट्र सरकार 5000 रुपये देगी। फिर बालिका के पहली कक्षा में प्रवेश करने पर 6000 रुपये मिलेंगे। तीसरी किस्त लड़की के छठवीं कक्षा में पहुंचने पर मिलेगी। तब राज्य सरकार की ओर से 7000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही, लड़की के ग्यारहवीं कक्षा में पहुंचने पर 8000 रुपये की मदद की जाएगी। वहीं आखिरी किस्त तब मिलेगी जब लड़की 18 साल की हो जाएगी। लड़की के बालिग होने के बाद उसे महाराष्ट्र सरकार की ओर से 75,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

1 अप्रैल 2023 के बाद यदि किसी परिवार में 1 या 2 लड़कियों या फिर 1 लड़का और 1 लड़की है का जन्म हुआ है तो लड़की को इस योजना का लाभ मिलेगा। यदि दूसरी डिलीवरी के दौरान जुड़वाँ बच्चे पैदा होते हैं तो 1 लड़का या दोनों लड़कियों को इस योजना का फायदा मिलेगा। लेकिन 'लेक लाडकी योजना'का फायदा लेने के लिए माता या पिता को परिवार नियोजन सर्जरी करानी होगी। यदि 1 अप्रैल 2023 से पहले 1 लड़की या लड़के का जन्म हुआ है और उसके बाद दूसरी लड़की या जुड़वां लड़कियों का जन्म हुआ है, तो भी इस योजना का लाभ मिलेगा।

# चार बच्चों की डूबने से मौत...!

**मुंबई:** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में बड़ा हादसा हुआ है। वालूज महानगर के बनकरवाडी में 12 से 14 साल के चार बच्चों की डूबने से मौत हो गयी। यह दर्दनाक घटना गुरुवार देर शाम करीब 7 बजे हुई। मृतकों की पहचान विश्वजितकुमार सुखदेव उपाध्याय (उम्र- 12 वर्ष), अबरार जावेद शेख (उम्र- 12 वर्ष), अफरोज जावेद शेख (उम्र 14 वर्ष), कुणाल अनिल दलवी (उम्र- 13 वर्ष) के तौर पर हुई है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

# देर आये, दुरुस्त आये... कल्याण लोकसभा क्षेत्र में ठाकरे के आने से पहले ही शिंदे का तंज

**डोंबिवली :** डोंबिवली में शिव सेना और शिंदे के नतीजे के बाद पहली बार शिव सेना के उद्धव बाला साहेब ठाकरे गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे कल्याण लोकसभा का दौरा कर रहे हैं। यह निर्वाचन क्षेत्र शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे का निर्वाचन क्षेत्र है। सांसद शिंदे ने ठाकरे की संवाद यात्रा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए ठाकरे की आलोचना की है। उन्होंने 'देर आए दुरुस्त आए'कहकर ठाकरे का स्वागत किया है। सांसद ने यह भी कहा है कि अगर ये सब



पहले किया गया होता। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे आज कल्याण लोकसभा क्षेत्र में संवाद दौरे पर हैं। इस दौरे के दौरान वह उल्हासनगर, अंबरनाथ, कल्याण, डोंबिवली, दिवा, कलवा, मुंब्रा क्षेत्र के शिवसैनिकों से बातचीत करेंगे और इस निर्वाचन क्षेत्र की समीक्षा करेंगे।

वह शिव सेना की शाखाओं का भी दौरा करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में यह संवाद यात्रा ठाकरे गुट के शिवसैनिकों के लिए अहम भूमिका होगी। पार्टी टूटने के बाद विधानसभा अध्यक्ष नार्वेकर भी नतीजों के बाद पहली बार पार्टी प्रमुख ठाकरे लोकसभा क्षेत्र की समीक्षा के लिए खुद मौजूद रहेंगे। इससे शिवसैनिकों में उत्साह का माहौल है। इस मौके पर शहर में ठाकरे ग्रुप ने खूब शक्ति प्रदर्शन किया।

# सबूत मिटाने का अच्छा था प्लान, लेकिन पानी में न बहने की वजह से हत्या का हुआ खुलासा

**मुंबई :** शातिर अपराधी दिमाग का इस्तेमाल कर वह बचना चाहा, लेकिन जैसे ही मृतक की बॉडी मीठी नदी में अटकी हत्या की पोल खुल गई। पुलिस ने ऑटो मालिक को उसकी पत्नी से अफेयर के संदेह में ऑटो के चालक की हत्या कर निशान मिटाना चाहा। लेकिन पानी में बॉडी के न बहने की वजह से वह पकड लिया गया। मामला कुर्ला में मीठी नदी में मिले शव से जुड़ा हुआ है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पत्नी से प्रेम संबंध होने के शक के चलते एक व्यक्ति की हत्या कर उसे मीठी नदी में बहा दिया गया। लेकिन वह बहा नहीं और पुलिस को पता चल गया। बस मामले में



एफआईआर दर्ज किया गया और फिर पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपियों को गोवंडी इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों का नाम नफीस खान, मोहम्मद साकिब और मुकेश पाल है। मामले की अधिक जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

### ऑटो में डालकर शव को लगाया ठिकाने

जांच दल से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी सबूत मिटाना चाहते थे। गोवंडी में पीड़ित अमान कब्दुल करिम शेख (23) की हत्या की गई थी। इसके बाद ऑटो में भरकर उसे मीठी नदी स्थित कुर्ला ब्रिज पकर लाया गया। जहां से पानी देखकर नदी में उसे फेंक दिया गया। लेकिन उसका शव जहां गिरा वहीं से थोड़ी दूर में कोने में रुक गई। जिसकी जानकारी पुलिस को मिली। पुलिस ने मामले में जांच शुरू की और आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शव मिलने के बाद पुलिस ने जब उसके परिवार वालों को ढूंढना शुरू किया तब पता चला कि जो शव मिला है उससे मिलता जुलता एक मिसिंग का केस गोवंडी पुलिस थाने में दर्ज है। जहां से पता चला कि वह ऑटो चालक है।



# तीन लोगों पर बिजली चोरी का केस दर्ज



**भिवंडी** : भिवंडी शहर व आसपास गांवों में बिजली की सप्लाई व बिल वसूल करने वाली टोरेंट पॉवर कंपनी के सतर्कता विभाग द्वारा बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर छापेमारी जारी रखी है। इसके बावजूद बिजली उपभोक्ताओं द्वारा बिजली चोरी के नये नयें मामले उजागर हो रहे है। इसी क्रम में टोरेंट कंपनी के एक्जीक्यूटिव कर्मचारी शंकर गणपति सावरतकर की टीम ने धामणकरनाका स्थित पटेल कंपाउंड, घर नंबर 31 में छापामार कर अब्दुल हमीद अब्दुल रज्जाक और वाहिद एस.को टोरेंट कंपनी के मिनी सेक्शन पीलर में अवैध रूप से बिजली कनेक्शन कर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। दोनों पिछले एक वर्ष में अवैध कनेक्शन कर 8042 युनिट बिजली इस्तेमाल करते हुए 1,61,981.60 रुपए की बिजली चोरी किया है। इसी तरह एक अन्य चोरी की घटना में कु. निकीता अशोक मोरे की टीम ने कशेली गांव स्थित शारदा निवास, घर नंबर 31/बी/2 पर छापामार कर मकान मालिक राकेश नीलकंठ मढवी को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। मढवी ने अपने आर्थिक फायदे के लिए टोरेंट के बिजली मीटर से छेड़छाड़ कर अवैध कनेक्शन करके पिछले एक वर्ष में 6590 युनिट बिजली इस्तेमाल करते हुए 1,24041.08 रुपए की बिजली चोरी किया। शांतिनगर पुलिस ने तीनों के खिलाफ बिजली अधिनियम 2023 के कलम 135 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# महाराष्ट्र में कांग्रेस-उद्धव में ठनी, बंगाल में ममता ने भी दिखाई आंख... टूटने वाला है INDI अलायंस?

**महाराष्ट्र** : यूपी से महाराष्ट्र तक और बिहार से बंगाल तक क्ठअक्र अलायंस में झगड़े और कलह के बीच आज मोदी विरोधी गठबंधन की वो बैठक हो रही है जिस पर पूरे देश की निगाहें लगी हैं। सवाल ये उठ रहा है कि क्या उद्धव ठाकरे और ममता बनर्जी एलायंस से बाहर आने वाली हैं। तो आपको बता दें कि महाराष्ट्र में गठबंधन पर कांग्रेस और उद्धव के बीच सहमति नहीं बन पा रही है। सीटों के बंटवारे पर महाराष्ट्र में झगड़ा बढ़ गया है। वर्चुअल मीटिंग में उद्धव गुट का कोई नेता आज शामिल नहीं हो रहा है। उद्धव ठाकरे 23 सीटों पर अड़ गए हैं लेकिन कांग्रेस 18 से ज्यादा सीटें देने के लिए तैयार नहीं है। नाराजगी इतनी बढ़ गई है कि कांग्रेस ने महाराष्ट्र की 48 में से 46 सीटों पर पर्यवेक्षक की घोषणा कर दी है। कांग्रेस का ये फैसला आग में घी डालने वाला है।



**पेच कहां फंसा है?**

उद्धव ने 23 सीटों की डिमांड के पीछे तर्क ये दिया है कि उनकी पार्टी 2019 में भी 23 सीट पर ही लड़ी थी और 18 सीटों पर जीत भी दर्ज की थी लेकिन जवाब में कांग्रेस उद्धव ठाकरे को आइना दिखा रही है। कांग्रेस की दलील है कि 18 में से 13 सांसद तो शिंदे गुट में चले गए। उद्धव के पास तो सिर्फ पांच लोकसभा सांसद बचे हैं इसलिए वो 23 सीटों की मांग कैसे कर सकती है। उद्धव ठाकरे आज की वर्चुअल मीटिंग में ना तो आ रहे हैं और ना ही किसी को भेज रहे हैं।

वहीं, आपको बता दें कि इंडी अलायंस में महाराष्ट्र से भी बड़ा झगड़ा पश्चिम बंगाल में चल रहा है। तमाम कोशिशों के बावजूद बंगाल में सीट शेयरिंग पर सहमति नहीं बन पा रही है। यहां भी सीटों के बंटवारे पर कांग्रेस और ममता में ठन गई है। ममता अब भी कांग्रेस को 2 से ज्यादा सीट ना देने पर अड़ी हुई हैं लेकिन कांग्रेस 10 सीटों की डिमांड कर रही है। TMC से बात नहीं बन पाने के आसार लग रहे हैं इसलिए कांग्रेस अब लेफ्ट से बातचीत में लगी है। ममता बनर्जी ने जो ऑफर दिया है उसके मुताबिक बंगाल की 44 में से 42 सीटों पर उनकी पार्टी लड़ेगी, कांग्रेस 2 सीटों पर लड़े और लेफ्ट को ममता ने एक भी सीट देने से इनकार कर दिया है।

# सभी सामाजिक समूहों के लिए न्याय सुनिश्चित करके महाराष्ट्र विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा: शिंदे

**पालघर/ठाणे** : महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को यहां कहा कि राज्य सभी सामाजिक समूहों के वास्ते न्याय सुनिश्चित करके विकास के पथ पर अग्रसर है। शिंदे ने विरार में 19वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मराठी भाषा की मजबूत नींव के कारण इसका वैश्विक प्रसार हुआ है। उन्होंने मुंबई में गिरगांव समुद्र तट पर मराठी भाषा भवन के निर्माण की योजना के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, ''महाराष्ट्र सभी सामाजिक समूहों के लिए न्याय सुनिश्चित करके विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। हम एक विकसित महाराष्ट्र के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

# मुंबई क्राइम ब्रांच की बड़ी रेड... 12 करोड़ का गुटखा बरामद, 7 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुंबई** : देश के अलग-अलग हिस्सों में तंबाकू से बने पदार्थों का लोग खूब सेवन करते हैं। तंबाकू से बने उत्पादों के पैकेट पर बाहर साफ और स्पष्ट शब्दों में यह लिखा होता है कि तंबाकू के सेवन से कैंसर होता है लेकिन लोग तंबाकू का सेवन करने से कहां पीछे हटने वाले हैं। तंबाकू से ही बनने वाला एक प्रोडक्ट है गुटखा। इस गुटखे की कीमत वैसे तो कम ही होती है। लेकिन इसकी कीमत इतनी भी कम नहीं की इसपर खबर न बन सके। दरअसल हम गुटखे की बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि मुंबई की क्राइम ब्रांच टीम ने 12 करोड़ रुपये की कीमत के गुटखे को बरामद किया है। इस ममेल में क्राइम ब्रांच ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है।

**छापेमारी में मिला 12 करोड़ का गुटखा**

दरअसल मुंबई क्राइम ब्रांच की



यूनिट 9 के सीनियर अधिकारी दया नायक की टीम ने पालघर जिले के कासा इलाके में छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने 12 करोड़ रुपये की कीमत के प्रतिबंधित उत्पाद गुटखा जब्त किया। बता दें कि पुलिस ने इस मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि हमने विभिन्न प्रकार के गुटखा, पान मसाला और ट्रकों सहित कुल मिलाकर 12 करोड़ रुपये की प्रतिबंधित उत्पाद को जब्त किया है। क्राइम ब्रांच अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है और यह पता लगाने में जुटी हुई है कि आखिर यह गुटखा कहां से आया।

जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान इब्राहिम इनामदार, संतोष कुमार सिंह, कामिल खान, हीरालाल मंडल, नासिर यलगार, जमीर सैयद और संजय खरात के रूप में की गई है। क्राइम ब्रांच यूनिट 9 के अधिकारी ने बताया कि पहले 3 आरोपियों को गुटखा के साथ गिरफ्तार किया गया था। उनसे पूछताछ करने के बाद यह जानकारी मिली कि पालघर जिले से मुंबई की तरफ गुटखा सप्लाई होने वाला है। इसके बाद क्राइम ब्रांच ने कासा इलाके में जाल बिछाकर तीन ट्रकों को पकड़ा। इन ट्रकों में से 400 बड़े बोरे बरामद हुए, जिनमें 4000 अलग-अलग प्रकार के गुटखा थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट ने आरोपियों को पुलिस कस्टडी में भेज दिया।

# भिवंडी शहर बना गांजा बिक्री का केन्द्र, पुलिस की कार्रवाई से हुआ खुलासा...

## 18 लोग गांजा पीते हुए गिरफ्तार



**भिवंडी** : भिवंडी शहर व आसपास सटे ग्रामीण क्षेत्रों के स्लम बस्तियों में खुलेआम गांजा की बिक्री की जाती रही है। पुलिस इन गांजा विक्रेताओं पर कार्रवाई ना कर गांजा पीने वाले गजेडियों की धरपकड़ कर कागजी कार्रवाई करने में जुटी हुई है। गत दिनों सुभाष नगर पुलिस चौकी के पास एक पान की टपरी पर छापामार कर लगभग 32 हजाए रुपए कीमत के एक किलो 50 ग्राम गांजा को शांतिनगर पुलिस ने जब्त किया था। इसी तरह अनेक क्षेत्रों के पान टपरी, किराना दुकानों पर गांजा की बिक्री हो रही है। हालांकि स्थानीय लोकल पुलिस को इसकी जानकारी होने के बावजूद इस पर कार्रवाई ना करना पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न निर्माण करता है। भिवंडी पुलिस उपायुक्त परिमंडल क्षेत्र के 6 पुलिस थानों द्वारा चलाऐ गये ऑल आउट ऑपरेशन अंतर्गत सार्वजनिक जगहों पर गांजा पी रहे 18 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर केस दर्ज किया है। इसके पूर्व भी दिसम्बर महीने में इसी तरह कार्रवाई कर लगभग दो दर्जन लोगों को गांजा पीने के जुर्म में पुलिस ने हिरासत में लिया था।

पुलिस के मुताबिक नारपोली पुलिस ने नारायण सिंह राजपुरोहित शारदा रामचंदर गुप्ता,महबूब जिलानी पटेल और यासीन शकील अहमद अंसारी शांतिनगर पुलिस ने मोहम्मद हासीम कलीम अंसारी, शाहीद जुल्फिकार अंसारी,आयाज नौशाद अहमद अंसारी और सलीम हसन मोहम्मद शहा,रविकुमार रामलाल निर्मल,साकीर साबीर हाशमी तथा सुफियान राईस शाह कोनगांव पुलिस ने उज्जवल संजय पाटिल भोईरवाडा पुलिस ने नौशाद जुमन अंसारी,सादिक हुसैन सलाउद्दीन अंसारी, संजय कुमार सिवदन हरिजन और जावेद अमानत अंसारी को विभिन्न क्षेत्रों में गांजा पीते हुए हिरासत में लिया है। इसी तरह निजामपुरा पुलिस ने मुस्तकिम मोहम्मद नाईम इद्रीसी और भिवंडी शहर पुलिस ने आसिफ शौकत शेख को चिलम में गांजा भर कर पीते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी 18 लोगों के खिलाफ एन.डी.पी.एस. कायदा 1985 के कलम 8(क) 27,29 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

# मेरी अश्लील पिक्चर... एक्ट्रेस ने मुंबई में दर्ज कराई FIR, आरोपी ने कर दिया था सन्न कर देने वाला कांड

**मुंबई** : एक एक्ट्रेस ने मुंबई के वरसोवा पुलिस थाने में संपर्क कर अज्ञान शख्स के खिलाफ मुकदमा दर्ज करया है. अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर छेड़छाड़ कर बनाई गई अपनी अश्लील तस्वीरें पाई. अधिकारी ने बताया कि 37 वर्षीय अभिनेत्री फिल्म उद्योग, खासकर पंजाबी फिल्मों में काम करती हैं. हाल ही में, उसे पता चला कि आरोपी उसकी रूपांतरित नग्न तस्वीरें विभिन्न सोशल मीडिया साइटों पर साझा कर रहा था और उसने



ये तस्वीरें उसके फैन्स को भी भेजीं. वर्सोवा पुलिस आरोपी का पता लगाने के लिए साइबर पुलिस के साथ सहयोग कर रही है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अभिनेत्री का एक इंस्टाग्राम फैन फॉलोइंग पेज है और 27 दिसंबर को अभिनेत्री को उसके दोस्त का फोन आया, जिसने उसे बताया कि किसी ने उसकी मॉर्फ्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड की हैं और उस व्यक्ति ने सभी तस्वीरें भी साझा की हैं. अभिनेत्री ने अपने दोस्त को निर्देश दिया कि वह आरोपियों को वेबसाइटों से सभी तस्वीरें हटाने के लिए कहे. सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध ने कोई भी तस्वीर नहीं हटाई. इसके बाद अभिनेत्री ने तुरंत साइबर पुलिस से संपर्क किया. एक्ट्रेस ने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा. वह मेरी मॉर्फ्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैला रहा है. मैंने एफआईआर दर्ज कर ली है.'' अधिकारी ने कहा, संदिग्ध ने अभिनेत्री के माता-पिता को उनके मोबाइल नंबर पर छेड़छाड़ की गई नग्न तस्वीरें भी भेजीं. उसके माता-पिता ने तुरंत नंबर ब्लॉक कर दिए. बाद में एक्ट्रेस ने अपने दोस्त को बताया कि वह आरोपी को इस तरह की तस्वीरें शेयर न करने की हिदायत दे.



## सूदखोर से परेशान व्यक्ति ने जहर खाकर की खुदकुशी



**भिवंडी :** सूदखोर से परेशान एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। इस घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। नारपोली पुलिस ने इस मामले में स्वयं संज्ञान लेकर सूदखोर के खिलाफ केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पर पुलिस ने सूदखोर पर आरोप लगाया है कि रुपए लौटाने का दबाव बनाने पर व्यक्ति ने आत्माहत्या की है। पुलिस के मुताबिक काल्हेर के रहने वाले मृतक व्यक्ति अशोक शंकर पाटिल ( 61 ) ने ठाणे के रहने वाले यशवंत मुगुटराव गायकवाड़ से ब्याज पर रुपए लिये थे। गायकवाड़ लगातार पाटिल से पैसा वापस करने की मांग कर रहा था और पर उसको धमकी भी दिया था।

## राजनीति में धर्म को नहीं लाना चाहिए लेकिन भाजपा की राजनीति धर्म पर आधारित: पटोले

**मुंबई :** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि धर्म को राजनीति में नहीं लाना चाहिए लेकिन भारतीय जनता पार्टी की राजनीति धर्म पर आधारित है। पटोले शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की जयंती और राजमाता जिजाऊ समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि, छत्रपति शिवाजी महाराज ने स्वराज्य की स्थापना की, जबकि संतों ने अपना आध्यात्मिक कार्य जारी रखा। शिवाजी महाराज धर्म को राजनीति में नहीं लाए।

छत्रपति के राज में किसान की एक भी फसल को नुकसान न पहुंचाने की शिक्षा थी, लेकिन आज भाजपा राज में किसान रोज मर रहे हैं और सरकार को उनकी कोई परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि कई सरकारें आई और गईं लेकिन उन्होंने राजनीति के



लिए धर्म का इस्तेमाल नहीं किया, लेकिन भाजपा ऐसा ही कर रही है। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष संध्या सव्वलाखे, प्रदेश उपाध्यक्ष नाना गावंडे, मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंढे, प्रदेश महासचिव प्रमोद मोरे मौजूद थे। पटोले ने कहा कि, हमने पहले भी अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिए चंदा और ईंटें दी थीं, हम भी राम मंदिर में विश्वास रखते हैं लेकिन भाजपा मंदिर पर राजनीति कर रही है। अयोध्या में आंशिक रूप से निर्मित राम मंदिर को तैयार होने में अभी तीन साल लगेंगे, लेकिन भाजपा चुनाव से पहले राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए जल्दी में है।

उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में सर्वोच्च पद के सभी चार शंकराचार्य इस तरह की प्रथा के विरोध में हैं। शंकराचार्य कह रहे हैं कि आधे बने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करना गलत है लेकिन भाजपा उनकी भी नहीं सुन रही है। भाजपा धर्म भ्रष्ट कर रही है और इसका आरोप कांग्रेस पार्टी पर लगा रही है। पटोले ने कहा कि राजमाता जिजाऊ, क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले, झाँसी की रानी का युग अलग था और अब युग अलग है। उस समय वे अत्याचारी व्यवस्था के खिलाफ लड़ते हुए ब्रिटिश शासन के अधीन थे, उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी बड़े साहस के साथ लड़ाई लड़ी, उनके विचार आज भी प्रेरणादायक हैं, ये हमारे प्रेरणा स्रोत हैं, आइए उनके विचारों के साथ आगे बढ़ें।

## नालासोपारा पुलिस ने नाकाम की पेट्रोल पंप लूटने की कोशिश, लुटेरों में एक महिला भी शामिल

**मुंबई :** विरार क्राइम सेल शाखा 3 की एक टीम ने हाल ही में एक अंतरराज्यीय गिरोह के छह लोगों को गिरफ्तार किया है जो अहमदाबाद राजमार्ग पर विरार-शिरसाद फाटा में एक पेट्रोल पंप को लूटने की तैयारी कर रहे थे। इनमें एक 24 साल की महिला भी शामिल है। इनके पास से कोइता, सुरा, बैटरी, नायलॉन की रस्सी, दो चाकू, मिर्च पाउडर, मोबाइल फोन, आभूषण और नकदी समेत 10 लाख 16 हजार 356 रुपये का सामान जब्त किया गया है। इन आरोपियों पर महाराष्ट्र सहित मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश में भी गंभीर अपराध दर्ज हैं। यह गिरोह लूटपाट के दौरान विरोध करने वाले किसी भी व्यक्ति की हत्या कर देता था और फरार हो जाता था।

आरोपियों के नाम मनीष उर्फ राजू मोहन चव्हाण, भाऊसाहेब शंकर गवली, अश्विनी रूपचंद चौहान, रवींद्र सिंह सुखराम सोलंकी, सुखचेन रेवत पवार और मोंटी नंदू चौहान हैं। इस गिरोह का सरगना मनीष है। उनके साथ, भाऊसाहेब और अश्विनी अहमदनगर जिले के हैं, जबकि अन्य मध्य प्रदेश के गुना जिले के हैं। मनीष को 30 सितंबर 2023 को जमानत पर जेल से रिहा कर दिया गया। 5 जनवरी को गिरोह विरार के जीवदानी मंदिर की तलहटी





में रहने आया था। विरार क्राइम ब्रांच सेल 03 के सब-इंस्पेक्टर उमेश भागवत गश्त पर थे तभी उन्हें गिरोह पर शक हुआ। उन्होंने इसकी जानकारी प्रभारी पुलिस निरीक्षक प्रमोद बड़ख को दी तो उन्होंने तुरंत आठ लोगों की टीम गठित कर वहां जाल बिछा दिया। पुलिस ने जब वहां खेल रहे बच्चों की मदद से आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिस पर हमला कर दिया। दो पुलिसकर्मी मामूली रूप से घायल हो गये। आखिरकार पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जांच से पता चला है कि आरोपियों का राज्य भर के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड है।

**दोनों पर मध्य प्रदेश में इनाम**

रवीन्द्र सोलंकी और सुखचंद पवार के खिलाफ मध्य प्रदेश में आठ मामले दर्ज हैं। वसई-विरार पुलिस कमिश्नरेट के मीरा-भाईंदर की अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त अविनाश अंबुरे ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस ने इन आरोपियों पर 5,000 रुपये का इनाम रखा है।

## भारत को समझने के लिए हिंदी का ज्ञान आवश्यक

**मुंबई:** अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास के प्रवक्ता ग्रेग पार्डो ने कहा कि हिंदी दुनिया के लिए जरूरी भाषा बनती जा रही है। भारत को जानने के लिए हिंदी जरूरी है और यही वजह है कि पिछले कुछ साल से अमेरिका से बड़ी संख्या में छात्र हिंदी सीखने के लिए भारत आ रहे हैं। विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर मुंबई हिंदी पत्रकार संघ की ओर से बांद्रा (पूर्व) के उत्तर भारतीय संघ भवन हॉल में आयोजित हिंदी सेवा सम्मान एवं स्मारिका विमोचन समारोह में सम्मानित होने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास के प्रवक्ता ग्रेग पार्डो ने यह भावना व्यक्त की।

ग्रेग पार्डो ने हिंदी भाषा की खासियत का उल्लेख करते हुए कहा कि हिंदी दुनिया की जरूरत बनती जा रही है। भारत को समझने के लिए हिंदी का ज्ञान आवश्यक है। वहीं, अभिनेता आशुतोष राणा ने कहा कि हिंदी भाषा को अगर हम गरिमा प्रदान करगें तो वह भी हमें गरिमा प्रदान करेगी। राज्य के कौशल विकास व रोजगर व मुंबई उपनगर के प्रभारी मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा कि हिंदी जुबान बहुत प्यारी और मीठी होती है, जो इसके संपर्क में आता है उसे हिंदी फेविकोल की तरह पकड़ कर अपना बना लेती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत आगे बढ़ रहा है। ऐसे में हमें उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि देश के विकास के साथ राजभाषा हिंदी का भी विकास होगा।

## महाराष्ट्र में यातायात पुलिसकर्मी से शख्स ने की मारपीट... आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में यातायात पुलिस के एक कर्मी से मारपीट करने के आरोप में एक वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने सड़क पर इस तरीके से अपनी कार खड़ी की थी कि उसके कारण यातायात बाधित हो रहा था. उन्होंने बताया कि यातायात पुलिसकर्मी ने आरोपी से अपना वाहन हटाने को कहा, लेकिन वाहन चालक ने उस पर कथित तौर पर हमला कर दिया. वर्तक नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना 11 जनवरी को हुई. अधिकारी ने कहा, ''43 वर्षीय





सहायक पुलिस निरीक्षक एक स्कूल के पास यातायात को नियंत्रित कर रहा था. आरोपी श्रीनिवास नायडू ने अपनी कार इस तरीके से खड़ी की थी कि उसके कारण यातायात बाधित हो रहा था. पीड़ित ने आरोपी से अपनी कार हटाने को कहा.'' उन्होंने कहा, ''यातायात पुलिसकर्मी के निर्देश से नाराज होकर आरोपी ने उसे अपशब्द कहने शुरू कर दिए. स्थिति उस समय और बिगड़ गई जब उसने पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया- उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया और उसका कॉलर पकड़कर उसे मुक्का मारा.''

### इन धाराओं में दर्ज हुआ केस

**अधिकारी ने बताया कि नायडू के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए हमला करना या आपराधिक बल का इस्तेमाल करना) और 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है. उन्होंने बताया कि आरोपी को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है.**

## डोंबिवली के रामनगर में जाल बिछाकर पकड़ा गया चोर...

**कल्याण :** डोंबिवली के रामनगर पुलिस ने जाल बिछाकर एक सेंधमारी के अपराध में कुख्यात चोर को गिरफ्तार किया है। चोरी के जुर्म में उसके पास से 1 लाख 10 हजार 500 रुपए की संपत्ति जब्त की गई है. आकाश सोनू केदारे (उम्र 19) गिरफ्तार आरोपी का नाम है. 23 नवंबर को, आयरेगांव में एक चोर खुले दरवाजे से घुसा और रुपये का कीमती सामान चुरा लिया। अपराध की जांच अपराध जांच शाखा के सहायक पुलिस निरीक्षक योगेश सानप की टीम ने की।



सानप की टीम के पुलिस कांस्टेबल विशाल वाघ, प्रशांत सरनाईक, पुलिस नायक दिलीप कोटी, देवीदास पोटे, नितिन सांगले को गुप्त मुखबिर से जानकारी मिली कि चोरी के अपराध में आरोपी आकाश ऐरेगांव, ज्योतिनगर आया है. यह जानकारी मिलने पर महिला पुलिस निरीक्षक (अपराध) आशालता खापरे के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त सुनील कुराडे और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नितिन गिते, सहायक पुलिस निरीक्षक सनप की एक टीम आरोपी को पकड़ने के लिए घटनास्थल के लिए रवाना हुई. पुलिस के पहुंचते ही आरोपी आकाश भाग गया. इसी बीच पुलिस द्वारा बिछाये गये जाल में आकाश का पीछा कर उसे कैद कर लिया गया. सनप ने बताया कि उसने अपराध कबूल कर लिया है और उसके पास से चोरी का माल भी बरामद कर लिया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com